**भारत सरकार**

**भारी उद्योग मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1165**

**11.02.2025 को उत्तर के लिए नियत**

**सीपीएसई में रिक्तियां**

1165. **श्री सुब्बारायण के.:**

**श्री सेल्वाराज वी:**

**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2024 के अंत में केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसयू) में रिक्तियों का ब्यौरा कितनी है तथा उनकी संख्या कितनी है तथा ये रिक्तियां किस तारीख से हैं;

(ख) क्या सरकार ने इन रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरने के लिए कोई कदम/योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है इसके लिए निर्धारित समय-सीमा, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) : भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) में जनशक्ति की तैनाती व्यापार में वृद्धि और विस्तार पर निर्भर करती है और यह रिक्ति आधारित नहीं है। यह जनशक्ति बदलते व्यापारिक परिदृश्य के अनुसार बढ़ती और/या घटती रहती है।

(ख) और (ग): (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

******